FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : पाँचवीं **विषय : हिंदी**

PAPER CODE: 5011 **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ'

(अंक 05)

LO-L-502 - अपने आस–पास घटने वाली विभिन्न घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर मौखिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/प्रश्न पूछते है।

गतिविधि 1 – बताओ हम क्या हैं ?

इस गतिविधि में हम बच्चों को एक–एक करके किसी भी वस्तु या फल (विवेकानुसार कोई भी वस्तु, सब्जी, फूल, चित्र जानवर, जीव–जन्तु, पेड़–पौधे इत्यादि) का नाम बता देंगे। बच्चों को समय दीजिए कि वह उस वस्तु का नाम बताये बिना उसका वर्णन करेगा, जिसके आधार पर कक्षा के अन्य बच्चे इस वस्तु का अनुमान लगायेंगे। उदाहरण के लिए अगर शब्द है– आम, इसके संबंध में संभावित प्रश्न हो सकते है –

1. कौन फलों का राजा है?
2. मीठा–मीठा रसीला क्या होता है?
3. गर्मी में जो फल मिलता है?

निर्देश:–

1. बच्चों से सौहार्दपूर्ण खेल का आयोजन करें।
2. सभी बच्चों को पर्याप्त समय दें।
3. बच्चों को अपना विषय गोपनीय रखने के लिए निर्देश दें।

गतिविधि 2 – समाचार वाचन

इस गतिविधि में शिक्षक एक निश्चित समाचार का वाचन प्रत्येक बच्चे से करवाएंगे। समाचार बच्चों की रूचि एवं स्तर के अनुरूप होना चाहिए। समाचार 100 शब्दों तक हो तो बहुत अच्छा है।

जैसे–

समाचार वाचन करते समय विराम चिन्हों एवं धारा प्रवाह पढ़ने की क्षमता की अपेक्षा समाचार की जानकारी को समझ पाने की क्षमता का मूल्यांकन करना है। इसके लिए समाचार वाचन के पश्चात् समाचार के मुख्य बिन्दु को अथवा सारांश को अपने स्थानीय भाषा में बताने के लिए कहें। प्रत्येक वाक्य में एक–एक अंक निर्धारित कर सकते हैं।

1. इस गतिविधि का मूल उद्देश्य अपने आस–पास घटने वाली विभिन्न घटनाओं की बारिकी पर ध्यान देते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त करना है।
2. कक्षा में शिक्षक एवं बच्चे एक शांत माहौल तैयार करें।
3. बच्चे को पूरा समय व सौहार्द दें।

गतिविधि 3 – दीवार पत्रिका

इस गतिविधि में बच्चे एक साहित्यिक पत्रिका, समाचार पत्र, शाला पत्रिका की तरह विभिन्न प्रकार की विधाओं में जैसे– कविताओं, चित्रों, कहानियों, समाचारों इत्यादि को संकलित करके एक दीवार पत्रिका के रूप में शाला के दीवार पत्रिका कार्नर अथवा मुस्कान पुस्तकालय के पास तैयार करेंगे।

निर्देशः–

1. सभी बच्चों को स्पष्ट व निश्चित निर्देश दें कि वे अपनी–अपनी इच्छानुसार कोई एक अपना चित्र, कविता, कहानी, गीत सफेद कागज में लिखकर या चित्रित करके जमा करेंगे।
2. कक्षा में ही यह कार्य करना है।
3. मौलिकता, सफाई, विषयवस्तु को ध्यान में रखकर मूल्यांकन करें।

खण्ड 'ब'

(अंक 05)

LO– L-503 – भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी (मौखिक) भाषा गढ़ते हैं।

गतिविधि 1 – सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया

यह स्थानीय बोली का खेल है। शिक्षक कोई भी पाँच पंक्तियाँ हिन्दी भाषा में बोलेंगे और बच्चा सुनकर उन वाक्यों को अपनी स्थानीय बोली में अनुवाद करके सुनायेगा।

निर्देशः–

1. सरल वाक्य दिये जाएं।
2. शिक्षक स्पष्ट उच्चारण करें।
3. लम्बे संयुक्त वाक्य नहीं देना है।
4. किसी बालकथा, चित्रकथा से भी वाक्य बोलने को कह सकते हैं।

गतिविधि 2 – कहो कहानी

इस गतिविधि में शिक्षक स्थानीय भाषा में कहानी या लोककथा सुनाने कहेंगे।

निर्देशः–

1. परिवेश के अनुसार ही विषय बिन्दु निर्धारित किये जायें।
2. कहानी सुनाते समय हाव–भाव, मौलिकता, स्पष्टता को ध्यान में रखा जाये। कहानी दुहराई न जाएं।
3. पर्याप्त समय व सौहार्दभाव से आयोजन करें।
4. यह गतिविधि एक साथ न करें, एक सप्ताह पूर्व बच्चों को कहानी याद करने कहें।

गतिविधि 3 – कवि सम्मेलन

शिक्षक सभी बच्चों को कविताएं संग्रहित करने व याद करने के लिए निर्देशित करें। कक्षा में सभी बच्चे अपनी–अपनी कविता क्रम से आकर हाव–भाव व लय–ताल के साथ सुनायेंगे इस प्रकार एक कवि सम्मेलन का आयोजन करें। शिक्षक स्वयं इस कार्यक्रम का संचालन उसी सरस भाव से करें।

निर्देशः–

1. बच्चे अपने पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य कविताएं ढूंढेंगे। कविताएं दोहराई न जाएं।
2. बच्चों को उच्चारण, उतार–चढ़ाव, प्रस्तुतीकरण, मौलिकता के आधार पर अंक दीजिए।
3. बच्चों को कविता संग्रहण के लिए पर्याप्त समय दें।